मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण का समापन

मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण का समापन

जासं, रांची : आइआइएम रांची में आयोजित मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के 5वें बैच का समापन हुआ। यह कार्यक्रम शिक्षा मंत्रालय, केंद्र सरकार के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में 44 शिक्षकों ने भाग लिया। आइआइएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नेतृत्व और प्रबंधन शिक्षा जैसे विषय को समझने के लिए 30 घंटे पर्याप्त नहीं हैं, लेकिन इस संक्षिप्त समय में प्रदान किया गया ज्ञान शिक्षकों को बेहतर नेतृत्वकर्ता बनने में सहायक होगा। कार्यक्रम निदेशक प्रो. मनीष बंसल और प्रो. कुशाग्र शरण ने प्रशिक्षण के चार स्तंभों पर चर्चा की। समापन सत्र में डीन प्रो. अमित सचन ने प्रतिभागियों से अनुभव साझा करने को कहा। छठे बैच के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी शुरू की गई है।

Dainik Jagran_22.09.2025_P. 4

आइआइएम रांची में 44 शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

रांची. आइआइएम रांची में संचालित नर्चरिंग फ्यूचर लीडरशिप प्रोग्राम के पांचवें बैच का समापन हुआ. यह प्रशिक्षण मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. पांच दिवसीय कार्यक्रम में देशभर के 44 शिक्षक शामिल हुए. आइआइएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि नेतृत्व और प्रबंधन शिक्षा जैसे व्यापक विषय को समझने के लिए 30 घंटे पर्याप्त नहीं हैं. हालांकि इस छोटे समय में जो प्रभावी और उपयोगी ज्ञान दिया गया है, वह शिक्षकों को अनुभव से समृद्ध कर उन्हें बेहतर नेतृत्वकर्ता बनने की दिशा में मार्गदर्शन करेगा. मौके पर प्रो मनीष बंसल और प्रो कुशाग्र शरण आदि उपस्थित थे.

Prabhat Khabar_22.09.2025_P. 8

प्रशिक्षण में शामिल हुए 44 शिक्षक

रांची। आईआईएम रांची में संचालित 'भविष्य के नेतृत्व कार्यक्रम का पोषण' के 5वें बैच का समापन रविवार को हुआ। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह प्रशिक्षण मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में देशभर से 44 शिक्षक शामिल हुए।

Hindustan_22.09.2025_P. 12